कॉर्पोरेट न्यूज़
एचएलएल का न्यूज़लेटर
अप्रैल 2015

# केंद्र स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा एचएलएल में।





केंद्र स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संघ मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने एचएलएल की पेरूरकड़ा फैक्टरी, आक्कुलम फैक्टरी और कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास केंद्र का दौरा किया, जो एचएलएल के कर्मचारियों के मन में नयी ऊर्जा एवं उत्साह प्रदान किया ।

श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एचएलएल की उपलब्धियाँ और गुणवत्तावाले उत्पाद विपणन क्षेत्र में लाँच कराने के अनुसंधानकर्ताओं के नूतन आशय और प्रतिबद्धता एकदम प्रशंसनीय ही है। उन्होंने आक्कुलम के अनुसंधान एवं विकास केंद्र में संस्थापित इन्क्युबेशन केंद्र का उद्घाटन किया।

मंत्रीजी ने जोड़ा कि एचएलएल के उत्पाद 170 देशों में निर्यात् करता है और इनको विदेशी बाज़ार में प्रमुख स्थान भी प्राप्त हुआ है, यह सराहनीय कार्य ही है । विश्वस्तरीय सुविधाओं से संपन्न फैक्टरी के कार्य निष्पादन तथा स्वास्थ्य से संबद्ध अन्य विविध कार्यक्षेत्रों में एचएलएल के विविधीकरण आदि कार्यों का मंत्री जी ने अभिनंदन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र स्वास्थ्य मंत्रालय की सहभागिता से आम जनता के लिए स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम सफलतापूर्वक ढंग से आयोजित करने वालों में सक्रिय सहभागी है एचएलएल लाइफ़केयर लिमिटेड ।



एचएलएल आक्कुलम अनुसंधान एवं विकास केंद्र में संस्थापित इनक्युबेशन सेंटर का उद्घाटन करते हैं श्री जगत प्रकाश नड्डा।

# एचएलएल और मार बसेलियोस इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच में आपसी सहयोग



इस कार्यक्रम से ज्ञान शेयरिंग, अनुसंधान संवाद, परामर्श एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लक्ष्य करता है। एचएलएल विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा अनुसंधान पद्धतियों में सहभागिता देगा।

एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन मार बसेलियोस कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.टी.एम.जॉर्ज को समझौता का हस्तांतरण करते हैं।

एचएलएल लाइफ़केयर लिमिटेड और मार बसेलियोस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड तकनॉलजी के बीच में व्यवसाय शिक्षा सहकारिता और संयुक्त अनुसंधान के लिए समझौता कायम हुआ। ऐसी सहकारिता के लिए एचएलएल तीसरी बार एक इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ समझौता करता है । पहले कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग तिरुवनंतपुरम और मोहनदास कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड तकनॉलजी के साथ सहयोग किया था ।

शिक्षा-अनुसंधान कार्यकलापों की कार्य क्षमता वृद्धि के लिए सेवा एवं विदग्धता उपलब्ध कराने की ओर एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन और मार बसेलियोस कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.टी.एम.जॉर्ज ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किया । इस अवसर पर डॉ.शकुंतला.एस.पिल्लै, मार बसेलियोस कॉलेज के अनुसंधान विभाग का डीन, डॉ. के.आर.एस.कृष्णन, निदेशक (तकनीकी एवं प्रचालन), श्री जी.सतीश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष,एचएलएल आदि उपस्थित थे ।

इस कार्यक्रम से ज्ञान शेयरिंग, अनुसंधान संवाद, परामर्श एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लक्ष्य करता है। एचएलएल विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा अनुसंधान पद्धतियों में सहभागिता देगा। इस अवसर पर एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन ने कहा, सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ अनिवार्य प्रायोगिक ज्ञान को मिलाकर संपूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की नयी सभ्यता प्रदान करना ही इस सहभागिता से हमारा उद्देश्य है। विद्यार्थियों को व्यवसाय क्षेत्र की वास्तविकता का पता करने का अवसर भी इससे मिलेगा । उन्होंने जोड़ा कि विद्यार्थियों के समग्र प्रगति के साथ साथ अध्यापकों की क्षमता बढ़ाने का अवसर भी ऐसी सहभागिता से हो सकता है। डॉ.टी.एम.जॉर्ज ने कहा कि व्यवसाय से संबंधित ललकारों के बारे में अवगत कराने तथा इसको प्रायोगिक तौर पर हल करने की तरीका ढूँढने के लिए ऐसी सहभागिता विद्यार्थियों को सहायक होगी। यह विद्यार्थियों के लिए व्यवसाय तकनॉलजी के विभिन्न दृष्टिकोणों को समझाने का सुनहला मौका है।

दोनों संस्थाओं के प्रयोगशाला एवं चिकित्सा सुविधायें अधिमान्यता के क्रम में तथा कम दर पर उपयोग करने की मंजूरी भी इस करार से मिलती हैं । कॉलेज की सुविधाओं का उपयोग करके कर्मचारियों के लिए आगे की शिक्षा, निपुणता का विकास एवं विषय नवीकरण कार्यशाला एचएलएल आयोजित करेगा।

इस समझौते की खासियत यह है कि कॉलेज के पाठ्यक्रम की संरचना के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने तथा विविध पाठ्य-प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता देने में भी एचएलएल की निपुणता से लाभ उठा सकते हैं ।



# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. एम.अय्यप्पन व्यवसाय आइकन ऑफ दि इयर पुरस्कार

"मूल्याधिष्ठित कार्य शैली कार्यान्वित करने की कामयाबी में गर्व है '

एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन प्रथम 'निब' पुरस्कार के लिए हकदार बन गये। कोच्चि के ताज गेटवे में आयोजित समारोह के अवसर पर केरल के मुख्यमंत्री श्री उम्मनचांडी द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किये गये। समाज में विभिन्न कार्य करके जनों को अपनी ओर आकर्षित किये व्यवसायकर्ताओं एवं पत्रकारों को सम्मानित करने के लिए भारत के पहला प्रेस क्लब-एर्णाकुलम प्रेस क्लब और भारतीय जनसंपर्क परिषद् (पी आर सी आई) द्वारा संयुक्त रूप से संस्थापित पुरस्कार है यह 'निब' पुरस्कार ।

पुरस्कार वितरण के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की भलाई के लिए कार्य करने वाले हमेशा सम्मानित किया जाएगा और सभी पुरस्कार विजेता व्यवसाय की वृद्धि के परे जनों की भलाई के लिए कार्य करने वाले हैं। डॉ.एम.अय्यप्पन ने अपने भाषण में व्यक्त किया कि मूल्याधिष्ठित कार्य शैली कार्यान्वित करने की कामयाबी में गर्व है।

इस समारोह में मत्स्य एवं एक्साइस मंत्री, श्री के बाबु, श्री के.वी.तोमस, सांसद, श्री हैबी ईडन, एम एल ए, श्रीमती बी.भद्रा, कोच्चि उप महापौर, श्री एम.बी.जयराज, पी आर सी आई अध्यक्ष एमेरिट्स, श्री के.रविकुमार, एर्णाकुलम प्रेस क्लब का सचिव आदि ने भाग लिया ।



केरल के मुख्यमंत्री श्री उम्मनचांडी एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन को निब पुरस्कार प्रदान करते हैं। साथ हैं - एक्साइस मंत्री श्री के.बाबु, श्री के.वी.तोमस, सांसद, श्री हैबी ईडन, एमएलए, पीआरसीआई अध्यक्ष एमेरिट्स श्री एम.बी.जयराम आदि।



उत्कृष्ट पत्रिका के लिए पहला निब पुरस्कार केरल के मुख्यमंत्री श्री उम्मनचांडी एचएलएल के कॉर्पोरेट संचार टीम को प्रदान करते हैं।

# करकुलम में एचएलएल का विशेष मेडिकल कैंप

एचएलएल लाइफ़केयर लिमिटेड के सामाजिक प्रतिबद्धता कार्यक्रम के तहत करकुलम पंचायत में मार्च, 22 को विशेष मेडिकल कैंप आयोजित किया गया । करकुलम मुस्लीम जमाअत हाल में एस के अस्पताल के विदग्ध डाक्टरों के नेतृत्व में आयोजित कैंप में चार सौ से अधिक लोग चिकित्सा के लिए आये ।

हृदयरोग, मधुमेह, न्यूरोलजी, नेत्र जाँच, जनरल मेडिसीन आदि विभागों के डॉक्टरों की सेवा कैंप में उपलब्ध थी। ई सी जी, मधुमेह रोग निर्णय, यूरिक आसिड, पी एफ टी हेप्पटैटीस, हीमोग्लोबिन, लिपिड प्रोफाइल, थाइरोइड आदि की जाँच करके मुफ़्त रूप से दवायें वितसित की गयीं। नेत्र जाँच में भाग लिये करीब सौ लोगों को एचएलएल मुफ़्त रूप से चश्मा प्रदान की। करकुलम प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, ग्राम पंचायत, प्रिसैस आँख अस्पताल, एचएलएफपीपीटी आदि के सहयोग से आयोजित कैंप का उद्घाटन करकुलम ग्राम पंचायत के अध्यक्ष श्री वट्टप्पारा बी.जयकुमार ने किया। समारोह में स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष श्री विजयकुमार ने अध्यक्ष की भूमिका निभायी । इसके अलावा एस.के.अस्पताल के डाक्टर श्रीमती तंकम, श्री अनीष.एल, श्रीमती प्रियामणी, वार्ड के सदस्य श्रीमती ताहिरा बीवी, श्री अब्दुल मजीद, श्रीमती हेमलता, श्री कायपाडी अमीनुद्दीन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्री नासरुद्दीन, श्रीमती नबीसत, श्री फिरोसखान.के.पी आदि भी उपस्थित थे ।



एचएलएल के सामाजिक प्रतिबद्धता कार्यक्रमों के अधीन करकुलम पंचायत में मार्च 22 को आयोजित विशेष मेडिकल कैंप ।

## एक नज़र



फरवरी 29 को एचएलएल -पीएफटी में आयोजित हिंदी समारोह में भाषण देते हैं अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ.एम.अय्यप्पन ।



'माई सिटी' परियोजना के अधीन संस्थापित तुम्बूरमूषी अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट का उद्घाटन 4 फरवरी 2015 को ए डी जी पी डॉ.बी.संध्या करती है ।




पी एफ टी में मार्च 18 को परिवर्तन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण विषय पर भाषण देती हैं श्रीमती अजिता बीगम आई पी एस ।



सी एच ओ में पिंक क्लब के नेतृत्व में मार्च 30 को आयोजित कार्यक्रम में क्लास चलाती है हिप्नोथेरापिस्ट डॉ.पी.उमादेवी ।